सर सैयद ने अमुवि में पिछड़े मुसलमानों को नहीं दिया था दाखिला

❑जाति छिपाकर लेना पड़ता था दाखिला
❑ राष्ट्रवादी नेता आमिर रशीद ने किया खुलासा

अलीगढ़। मुस्लिम यूथ एसोसिऐशन की आकस्मिक बैठक केलानगर स्थित कैम्प कार्यालय पर सम्पन्न हुई। जिसमें पसमांदा मुसलमानों को आरक्षण पे धार्मिक भेद-भाव के विरोध में व 10 अगस्त काला दिवस मनाया और कांग्रेस पार्टी की कड़े शब्दो में निन्दा की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुये अध्यक्ष मौहम्मद आमिर रशीद ने कहा कि देश के अगड़े मुसलमानों ने हमेशा पसमांदा (पिछड़े) मुसलमानों का हक़्क़ मारा है 10 अगस्त 1950 से पहले दलितों को मिलने वाली सुविधाएं यानी अनुसूचित जाति आरक्षण, सभी धर्मों के दलितों एससी को समान रूप से मिलता था। लेकिन 10 अगस्त 1950 को तत्कालीन सरकार के अनुरोध पर राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद जी द्वारा एक अध्यादेश जारी किया गया जिसके तहत संविधान के अनुच्छेद 341 में पैरा 3 जोड़ दिया गया जिसमें कहा गया कि दलितों को मिलने वाली सुविधाएं व आरक्षण केवल हिन्दू दलितों को ही मिलेगी और अन्य धर्मो के दलितों को इस सुविधा से व बाहर कर दिया गया। लेकिन फिर 1956 में सिक्ख दलितों और 1990 में बौद्ध दलितों को दलित आरक्षण में शामिल कर लिया गया। मुस्लिम,ईसाई धर्मो के दलित आज भी इस सुविधा से वंचित है। जबकि रंगनाथ मिश्रा आयोग और सच्चर कमेटी ने भी इस पर से मज़हबी पाबंदी हटाने और अन्य धर्मो के दलितों को अनुसूचित जाति एससी आरक्षण की सिफारिश की थी।

आमिर रशीद ने कहा की अशराफ़ मुस्लमान ने हमेशा से पसमांदा मुसलामनों का हक्क मारा। उन्होंने कहा की अमुवि संस्थापक सर सय्यद अहमद खान पसमांदा मुसलमानों को पसंद नहीं करते थे उस वक़्त दाखिले में जाति भी लिखवाई जाती थी जो पिछड़ी जाती लिखता था उसको दाख़िला नहीं मिलता था, उस समय बहुत लोगो ने अपनी जाति बदलकर छुपकर अमुवि में दाखिले लेकर पढाई की थी, सर सय्यद ने अमुवि की स्थापना अशराफ मुसलमानो और अंग्रेज़ो की शिक्षा के लिए की थी। आमिर ने कहा कि दुनियाभर में उल्टा सीधे इतिहास की जानकारी रखने वाले अमुवि के तथाकथित वामपंथी इतिहासकार इस विषय में भी देशवासियो को कुछ अवगत या बताना चाहेंगे या सिर्फ संघ को कोसकर अपनी रोज़ी रोटी चलाएंगे।

अजीमुद्दीन ने कहा खासकर कांग्रेस जिसने इस पर रोक लगाकर दलित मुसलमानों के पैर काटने का काम किया। क्योंकि आज़ादी से लेकर आज तक मुसलमानों की कमान जिनके हाथों में रहीं उनका ताल्लुक मुसलमानों के तथाकथित अशराफ (उच्च वर्ग) से रहा। जिनको इस सुविधा के बहाल होने से कोई लाभ मिलने वाला नहीं, बल्कि उनके राजनीतिक वर्चस्व को ही खतरा हो सकता है। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास कर इस मुद्दे को लेकर पसमांदा मुसलमानों में जनजागरण अभियान चलाएंगे और केंद्र सरकार से अनुच्छेद 341 पर से लगी मज़हबी पाबंदी हटाने की मांग करते रहेंगे है।

बैठक में मौहम्मद सलमान, मौ0 हैदर, प्रमोद कुमार, शकील अहमद ,मौ0 काम. रान, राहुल,फरमान,शाहिद मालिक आदि लोग मौजूद रहें।

प्रधानमंत्री कौशल केंद्र पर हुआ रोजगार मेले का आयोजन

अलीगढ़। आज के दौर में अच्छी पढ़ाई करने के बावजूद भी कई युवा सही प्लेटफार्म न मिल पाने की वजह से रोजगार प्राप्त नहीं कर पाते हैं, ऐसे में विज़न इंडिया सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, प्रधानमंत्री कौशल केन्द्र के माध्यम से अलीगढ़ के युवाओं को हुन. रमंद बनाकर अच्छे रोजगार की ओर अग्रसर करने का प्रयास कर रही है।

विजन इंडिया सविसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रधान मंत्री कौशल केंद्र पर आज शुक्रवार को एक रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस रोजगार मेले में फ्लिपकार्ट,रिलायंस रिटेल, हैवेल्स इंडिया, ऑटो लेक, आकृति , याजुकी, डायल फॉर लोन, विज़न इंडिया कंपनियों ने प्रतिभाग किया।

विजन इंडिया द्वारा आयोजित इस रोजगार मेले में 500 से ज्यादा युवाओं ने अपनी उपस्तिथि दर्ज कराई और साक्षात्कार दिया। जिसमें से 320 युवाओं को जॉब ऑफर किया गया तथा ऑफर लैटर भी बाँटे। इस अवसर पर अलीगढ़ के सेंटर मैनेजर शिशिर जायसवाल तथा उनकी टीम आदि लोगों ने इस रोजगार मेले में अपना सहयोग दिया।

आईडब्लूसी तीज महोत्सव में भावना, शैफाली व नीलम बनी तीज मल्लिका

अलीगढ। महिलाओं की प्रमुख सामाजिक संस्था इनरव्हील क्लब झलक द्वारा आयोजित 'तीज महोत्सव' सांस्कृतिक कार्यक्रम में तीज मल्लिका प्रथम भावना, द्वितीय शैफाली व तृतीय नीलम को चुना गया।

रामघाट रोड स्थित एक होटल में आयोजित आईडब्लूसी झलक के इस कार्यक्रम का शुभारम्भ डा. संगीता सिंह द्धपत्नी एडीएम सिटीऋ ने किया। जबकि मुख्य अतिथि सुनीता सिंघल 'प्रशांत ग्रुप' और विनीता जैन रहीं। कार्यक्रम संयोजक व क्लब की अधयक्ष काजल धीरज ने बताया कि भारतीय संस्कृति के सम्बर्धान और महिला उत्साहबर्धान के लिए संस्था ने

'तीज महोत्सव' का आयोजन किया। तीज महोत्सव में जहां गीत मल्हार से माहौल तीजमयी हो गया वहीं महिलाओं के हरे परिधाान अलग ही छटा बिखेर रहे थे। संस्था की सचिव शीतल गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया।

वहीं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बीच आयोजित प्रतियोगिता केश सज्जा में प्रथम ममता वार्ष्णेय, द्वितीय हिमांशी, साड़ी सज्जा में प्रथम गरिमा, द्वितीय रिया व तृतीय शिखा, मेहंदी श्रंगार में प्रथम दीपमाला, द्वितीय सीमा व तृतीय ममता तथा गौर निर्माण में क्षमा विजेता रहीं। वहीं, निर्णायक मंडल सदस्य रिचा, एकता जैन, आकांक्षा, चारू, पूनम, खुशी, डा. कमलेश आदि ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रीति गुप्ता व प्रिया अग्रवाल ने किया। जबकि व्यवस्थाओं में सहयोग चारू चौहान, निक्की अग्रवाल, पूनम सरकोडा, श्रुति, ममता, रेनु, एकता जैन, अंजलि वार्ष्णेय, सीमा सिंह, आकांक्षा, भारती आदि ने किया।

तीज महोत्स आज

अलीगढ़। श्री अग्रवाल युवा संगठन के द्वारा शनिवार को सांय सात बजे से जीटी रोड स्थित सम्राट लॉज में तीज महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी संगठन के अधयक्ष प्रांजुल गर्ग ने दी है।

उद्यमियों को 244 करोड का चेक वितरित किया

अलीगढ़। शुक्रवार लखनऊ में ओडीओपी समिट हुई तो वहीं अलीगढ के कलक्ट्रेट सभागार में ओडीओपी समिट कार्यकम हुआ। जिसमें यूपी सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना मुख्य अथिति के रुप में मौजूद रहे।

लखनऊ में वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट समिट में महामहिम राष्ट्रपति रामनाथ कोविद के द्वारा 500 करोड़ रुपये ऋण के चेकों का वितरण किया गया। इस समिट में अलीगढ़ जनपद के उद्यमियों ने भी प्रतिभाग किया। तो वहीं जनपद के कलक्ट्रेट सभागार में वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट समिट कार्यकम हुआ इस मौके पर समिट में यूपी सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना और मंडलायुक्त अजयदीप सिह मुख्य रुप में मौजूद रहे और उनका डीएम चन्द्रभूषण सिह ने गुलाब का फूल देकर स्वागत किया। जबकि कार्यकम का संचालन सीडीओ दिनेश चन्द्र ने किया इसके साथ ही सूबे के औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना, कमिश्नर अजयदीप सिह , डीएम चन्द्रभूषण सिह, छर्रा विधायक रवेन्द्रपाल सिह , कोल विधायक अनिल पाराशर, शहर विधायक संजीव राजा ने उद्यमी संजय गुप्ता, लल्लू सिह को 12 करोड़ 80 लाख रुपये एवं 244 करोड़ रुपए का प्रतीकात्मक चेक प्रदान किया। इसके साथ ही औधोगिक विकास मंत्री सतीश महाना और कमिश्नर अजयदीप सिह ने अपने विचार रखते हुऐ समिट कार्यकम की सराहना की। सरकार के इस कदम से उद्यमियों की हौसला अफजाई होगी और वे अपने बिजनेस को आगे बड़ा सकेंगे। इसके इसके साथ ही लखनऊ में हुए समिट कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी उद्यमियों को दिखाया गया। इस मौके पर महाप्रबंधक उद्योग केंद्र नाथ पासवान, एडीएम प्रशासन, एडीएम वित्त तथा जनपद के अनेक उद्यमी मौजूद रहे।

छात्रों को खिलाई दवायें

अलीगढ़। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन पूरे जनपद में किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन नौरंगीलाल इण्टर कालेज, चिरंजीलाल इण्टर कालेज एवं आदर्श ज्ञानदीप इण्टर कालेज में अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मण्डल एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन एन0डी0डी0 नोडल अधिकारी डा0 एस0पी0सिह द्वारा किया गया तथा 01 से 19 वर्ष के सभी लड़के एवं लड़कियों को सरक. ारी, सरकारी सहायता प्राप्त प्राईवेट व आंगनवाड़ी केन्द्रों में कृमिनाशक एल्बेंडाजॉल 400 (पेट के कीड़ों की दवा) खिलाई गई। डा0 एस0पी0 सिह ने बताया कि जिन बच्चों के पेट में कीड़े होते हैं उनका मानसिक और शारीरिक विकास अवरूद्ध हो जाता है एवं विद्यालय में उपस्थिति भी कम रहती है। कृमिनाशक दवायें खाने से खून में वृद्धि होती है और बच्चे स्वस्थ्य रहते हैं, अपर निदेशक व मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा बच्चों को बताया गया कि अपने आस-पास साफ-सफाई रखें एवं बच्चों को कृमिनाशक दवा खाने के लिये प्रेरित करें जिससे कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके। कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 पी0के0 शर्मा, जिला मलेरिया अधिकारी डा0 राहुल कुलश्रेष्ठ, आर0बी0एस0के डी0ई0आई0सी0 मैनेजर मोनाजिर हुसैन, एन0डी0डी0 जिला समन्वयक मो0 जीशान एवं अन्य एन0जी0ओ0 के पदाधिकारी शामिल हुए।

विक्रांत को आईटी सेल का संयोजक बनने पर स्वागत

अलीगढ़। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा विक्रांत गर्ग को भाजपा आईटी सेल का संयोजक बनाये जाने पर उनका भव्य स्वागत सम्मान समारोह नौरंगाबाद स्थित भाजपा आईटी सेल के कैम्प कार्यालय पर भाजपा के युवा कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन राज सक्सैना ने किया।

इस अवसर पर विक्रांत गर्ग का माल्यार्पण करके एवं उन्हें बुके भेंट करके स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर विक्रांत गर्ग ने कहा कि 2019 में फिर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है। इसके लिए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने कार्यकताओं को उत्तर प्रदेश से 80 में से 74 लोकसभा सीट जीतने का लक्ष्य दिया है। इसलिए अभी से सभी कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जायें। उन्होंने कहा की 15 दिन के अन्दर वे अपनी कार्यकारिणी की घोषणा कर देंगे। स्वागत करने वालों में राज सक्सैना, सचिन अग्रवाल, मोन्टू पिल्लई, आनन्द सक्सैना, गगन अग्रवाल, शोभित गोपाल, भारत पाटनी, अर्जुन सक्सैना, हिरदेश कुशवाह, राम अग्रवाल, रोहित वार्ष्णेय, अमित गुप्ता, दीपक गोयल, देव अग्रवाल आदि मौजूद थे।

अंधविश्वास और सामाजिक कुरीतियों के विरूद्ध निकली रैली

अलीगढ़। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश एवं जिलाधिकारी के निर्देशों के तहत जिला विज्ञान क्लब के द्वारा शुक्रवार को एसएमबी इन्टर कालेज से अवैज्ञानिक कार्यकलापों से जुड़े सामाजिक कुरीतियों, अन्धविश्वासों के विरूद्ध विज्ञान चेतना रैली का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सेनानायक अनीस अहमद अंसारी 38 वीं वाहिनी पीएसी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से हरी झण्डी दिखाकर किया गया। रैली समापन के उपरान्त एसएमबी इण्टर कॉलेज में पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक रोकथाम एवं अन्धविश्वास के विरूद्ध पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षाविद् डा0 रक्षपाल सिंह एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 लक्ष्मीकान्त पाण्डेय ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि सेनानायक अनीस अहमद अंसारी ने कहा कि विज्ञान के माध्यम से समाज में फैले अन्धविश्वासों को दूर किया जा सकता है।

शिक्षाविद् डा0 रक्षपाल सिंह ने छात्रों एवं शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि ज्ञान दो तरह का होता है एक पुस्तकीय तथा दूसरा व्यावहारिक। उन्होंने शिक्षकों से बच्चों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान हेतु शिक्षण कार्य के साथ ही इस तरह के आयोजन कराने के कार्य की प्रशंसा की। बीएसए डा0 लक्ष्मीकान्त पाण्डेय ने कहा कि दुनिया में होने वाले हर कार्स के पीछे कोई न कोई कारण होता है, बिना किसी कारण के कोई कार्य नहीं होता इसलिये हमें किसी भी कार्य के होने का तथ्य समझकर अंधविश्वास में नहीं पड़ना चाहिये।

जिला विज्ञान क्लब अलीगढ के समन्वयक राजीव कुमार अग्रवाल ने कार्यक्रम की भूमिका एवं उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विज्ञान चेतना रैली और जनमानस के बीच अलौकिक चमत्कारों पर आधारित वैज्ञानिक प्रयोगों का प्रदर्शन करके विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी का बेहतर ढ़ंग से उपयोग किये जाने के प्रति जागरूक करना ही कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है।

कार्यक्रम के दौरान हुयी पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार एक हजार रूपये नगद ईनाम कु0 चंचल टीकाराम कन्या इण्टर कॉलेज एवं सात्वना पुरस्कार के रूप में डिक्शनरी, पैन, कापी आदि निशा सैनी, आदित्य भारद्वाज, कु0 शगुन, पूजा, सिमरन, सुमन राजपूत, तान्या शर्मा, पूजा, लखन सिंह, चिन्टू उपाध्याय, दिशा, हर्षिता यादव, अनमोल कौर, प्रियांशी वार्ष्णेय, लोकेश कुमार, विकास कुमार, कृष्णा वर्मा, निशा, कुलदीप कुमार को प्रदान किये गये।

कार्यक्रम को सफल बनाने में राम प्रताप सिंह, नीतिका वार्ष्णेय, रिचा माहेश्वरी, राजीव पवार, सुशील कुमार शर्मा आदि का विशेष सहयोग रहा। अन्त में सभी अतिथियों का कालेज के प्रधानाचार्या कृष्ण कुमार शर्मा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

बीएसएनएल ने स्वतंत्रता दिवस पर नया ऑफर शुरू किया

अलीगढ़। सरकारी टेलिकाम कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड ने आने वाले 72वें स्वतन्त्रता दिवस के पावन अवसर पर प्रीपेड मोबाइल उपभोक्ताओ के लिय कम अवधि व कम मूल्यों के साप्ताहिक व रोजना इस्तेमाल के सुविधाजनक दो काम्बो स्पेशल टैरिफ वाउचर पैक प्रस्तुत किया है। इस फ्रीडम ऑफर से बीएसएनएल के प्रीप्रेड मोबाइल के दिहाड़ी व छोटे शहरों व कस्बों के उपभोक्ताओं को फायदा होगा। जिससे उपभोक्ता सभी प्रकार की सेवाऐं जैसे असी. मित कॉल डाटा एसएमएस व मन पंसद रिंग बैक टोन पीआरबीटी की मुक्त सुविधा प्राप्त कर सकेगा। यह स्पेशल टैरिफ ब्राउचर के छोटे पैक अखिल भारतीय स्तर पर 10 अगस्त से जारी किये जा रहे है।

इस फ्रीडम ऑफर के अंतर्गत बीएसएनएल स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष पर प्रचार हेतु विशेष लाभ दे रहा है जिसमे 10 अगस्त से 25 अगस्त तक मात्र 29रु मे किसी भी नेटवर्क पर असीमित वाइस कॉल नेशनल रोमिंग सहित दिल्ली व मुंबई को छोड़ कर असीमित डाटा जिसकी स्पीड 2 जी.बी के बाद 80 केबीपीएस हो जायेगी। 100 एसएनए रोज व असीमित गाने बदलने की सुविधा के साथ निशुल्क पी0आर0बी0टी0 का 7 दिनों की बेलीडिटी का वीकली पैक प्राप्त होगा। जिन उपभोक्तओं मे इस 25 अगस्त के बाद लिया है उसे उक्त सभी फायदे मिलेगें केवल डाटा 1जीबी व 300 एसएमएस प्रति सप्ताह ही मिलेंगे।

24 हजार का लगाया जुर्माना

बुलंदशहर। शिकारपुर नगर में प्रदेश सरकार की ओर से 15 जुलाई से 50 माइक्रोन से कम की पॉलिथीन पर पाबंदी को लेकर नगर शिकारपुर में नगर पालिका टीम सड़क पर उतर गई जहां भी पॉलीथिन मिली उसे जप्त कर ली नगर में कुल मिलाकर पॉलिथीन देने बालों पर 24 हजार रुपये का जुर्माना बसूला ओर 13 किलों पोलिथीन जब्त की गई।

श्रावण मास में भगवान शिव बहुत जल्दी प्रसन्न होते हैं

अलीगढ़। अवस्थी ज्योतिश संस्थान के तत्वाधान में मसूदाबाद चौराहा जी0टी0 रोड स्थित माता मन्दिर में श्रावण मास के उपलक्ष्य में शुक्रवार को महारूद्राभिषेक हुआ। संस्थान के प्रमुख आचार्य पं0 आदित्य नारायण अवस्थी ने बताया कि भगवान शिव औघड़दानी हैं। श्रावण मास में भगवान शिव भक्तों के पास रहते हैं।

जल, पुष्प, बेलपत्र, भांग, मंजरी से प्रसन्न होते हैं। संस्थान के आचार्यों ने विधि-विधान से सभी देवी-देवताओं का पूजन एवं अमर जल से भगवान शिव का रूद्राभिषेक करवाया। शिव सहस्त्रनाम का पाठ किया गया। भगवान षिव को भस्म से भव्य श्रृंगार किया गया। भक्तों ने 101 धातुरफल अर्पित किये, इसके बाद देवदिदेव महादेव की आरती की गई। देर रात्रि तक प्रसाद वितरण हुआ।

इस अवसर सुधीर भारद्वाज, अजय शुक्ला, अनिल दीक्षित, राजोल द्विवेदी, कुलदीप शास्त्री, शालनी, देवी प्रसाद पाण्डेय एवं भारद्वाज परिवार शामिल हुए ।

आधार कार्ड के नाम पर अवैध वसूली पर एसडीएम सख्त

बुलंदशहर। शिकारपुर नगर में आधार कार्ड बनाने व निकालने के नाम पर अवैध वसूली, फर्जी तौर पर जन सुविधा केंद्र पर आय, जाति,मूल निवास खतौनी ,आदि पर अवैध वसूली की शिकायत मिलने पर एसडीएम शिकारपुर हिमांशु गुप्ता ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुये शुक्रवार को नगर के सैनी फोटो स्टूडियो पर एसडीएम के आदेशानुसार नायब तहसीलदार विजय कुमार मिश्रा, ने छापा मार कार्यवाही करते हुये सबूत इकठा किए है।जो जन सुविधा केंद्र पर आधार कार्ड बनाये जाते है। वह जनसुविधा केंद्र महमूदपुर गांव के नाम से संचालित किया गया है। लेकिन जन सुविधा केंद्र प्रभारी अपनी मनमानी के चलते हुये शिकारपुर नगर में बैठकर जनता के साथ आधार कार्ड बनाने के नाम पर अवैध रूप से 150-से 200 रुपये लेता था एवं अन्य प्रमाण पत्रों के नाम पर अवैध वसूली करता है।जनता का शोषण रोकने के लिये एसडीएम ने संचालक के खिलाफ कार्यवाही करने की बात की गई है। संच. ालक नायब तहसीलदार के सवालों का संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया वही नगर में और भी जन सेवा केन्द्रों पर जाति मूल आय मृत्यु प्रमाण पत्र आदि पर भी खूब हो रही है अवैध वसूली मानक के अनुसार नही लेते रुपये अवैध रूप से वसूले जाते है। रुपये किसी के केंद्र पर नही लिखा हुआ है मानक का बोर्ड नगर में सभी जगह चल रहा है अवैध कमाई का गोरख धंधा।एसडीएम हिमांशु गुप्ता ने बताया है कि मौके पर 40 के करीब फजह्न आधार कार्ड बरामद हुये है। जिन पर एक ही आधार कार्ड न0 पड़ा हुआ था।जिसकी एसडीएम द्वारा जिलाधिकारी को रिपोर्ट भेजी जा रही है।

वीरांगना जन्मोत्सव के लिये तैयारियां की

अलीगढ़। अखिल भारतीय जिला लोधी महासभा की बैठक अध्यक्ष महेन्द्र सिंह लोधी की अध्यक्षता मे कार्यालय विष्णु पुरी पर हुई। जिसमें की महासभा द्वारा 16 अगस्त वीरांगना अवतीवाई के जन्मोत्सव पर आयोजित होने वाले मेधावी छात्र व छात्राओ के सम्मान समारोह की तैयारियो पर परिचर्चा हुई। अध्यक्ष महेन्द्र सिंह लोधी एवं महासचिव जितेन्द्र लोधी, उपाध्यक्ष नबावसिंह ने बताया कि समारोह की तैयारियां युद्ध स्तर से चल रही है। कोषाध्यक्ष पंचम लोधी, उपाध्यक्ष मेहश लोधी, सत्यदेव लोधी ने बताया कि 16 अगस्त का प्रातः 8 से 10 बजे तक रानी अंवतीबाई चौक पर हवन कार्यक्रम एवं माल्यार्पण कार्यक्रम होगे। तदुपरांत एम0आर0 इन्टरनेशनल स्कूल, नरौना 12 नम्बर, बरला रोड पर दोपहर 12 बजे से मेधावी छात्र व छात्राओ का सम्मान समारोह होगा। जिसके मुख्य अतिथि संदीप सिंह, शिक्षा राज्य मंत्री, नरेन्द्र बहाद. ुर सिंह, आइएएस, अमरपाल सिंह होगे।

इस अवसर पर महासचिव जितेन्द्र लोधी, नबाब सिंह, पंचम लोधी, महेश लोधी, सत्यदेव सिंह, रीता राजपूत, सतीश राजपूत, अजयपाल सिंह, देवेश कुमार, कुलदीप लोधी, महेन्द्र सिंह, राजेन्द्र सिंह, सुभाष लोधी आदि मौजूद थे।

जय हिंद के लिये ऑडीशन आज

अलीगढ। ऑलीवुड फिल्म एण्ड टीवी इंस्टीट्यूट (एएफटीवीआई) द्वारा निर्माणाधीन देश भक्ति पर आधाारित फिल्म 'जय हिन्द' के लिए कलाकारों के ऑडीशन देवव्रय हॉस्पीटल के बराबर, रामघाट रोड पर शनिवार को सुबह 11 से सायं 04 बजे तक लिए जायेंगे। उक्त जानकारी एएफटीवीआई की पीआरओ कुमार अजय ने दी।

डायमंड क्लब का तीज महोत्सव आज

अलीगढ़। डायमंड क्लब के द्वारा शनिवार को दोपहर तीन बजे से गूलर रोड स्थित गायत्री पैलेस में तीज महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी क्लब की अधयक्षा दीपिका गुप्ता ने दी है।